**Set No-1**

**Series CAB2D/2** | **Q.P.Code 3/2/1**

**Roll No.** | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न–पत्र कोड को उत्तर–पुस्तिका के मुख–पृष्ठ पर अवश्य लिखें।

- नोटः– कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में मुद्रित पृष्ठ **12** हैं।
- प्रश्न–पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न–पत्र कोड को छात्र उत्तर–पुस्तिका के मुख–पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में **17** प्रश्न हैं।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर–पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।
- इस प्रश्न–पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न–पत्र कर वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न–पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर–पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

# हिन्दी (HINDI)

# पाठ्यक्रम (COURSE-A)

# संकेत एवं उत्तर (HINTS & SOLUTIONS)

निर्धारित समय : **3** घण्टे | अधिकतम : **80**

## सामान्य निर्देश :

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिएः

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिएः

**(i)** इस प्रश्न–पत्र में कुल **17** प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

**(ii)** इस प्रश्न–पत्र में दो खंड हैं– खंड–**'अ'** और खंड– **'ब'**। खंड– **'अ'** में बहुविकल्पी/वस्तुपरक और खंड– **'ब'** में वर्णनात्मक प्रश्न दिए गए हैं।

**(iii)** खंड **'अ'** में कुल 10 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या **44** है। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 40 उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

**(iv)** खंड–**'ब'** में कुल **7** प्रश्न हैं। सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

**(v)** प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए ।

**(vi)** यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए ।

## खंड 'अ'

## वस्तुपरक/बहुविकल्पीय प्रश्न

**1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **5 × 1 = 5**

तकनीक की एक विशेषता यह होती है कि जब वह सबके पास पहुँच जाती है, तो अपनी हैसियत खो देती है। व्यापार जगत पर नई तकनीक के लिए दबाव बनने लगते हैं और समाज भी उसके लिए तैयार हो जाता है। टी.वी. के साथ भी कुछ ऐसा ही हो रहा है। समाज से बेशक टेलीविजन खत्म नहीं हुआ, लेकिन जिस अर्थ में इसको हमारे समाज ने परिभाषित किया था, उस अर्थ में यह अपना वजूद काफी तेजी से खो रहा है। टी.वी. का परंपरागत रूप वह है, जिसमें कुछ चैनल होते हैं। एक निश्चित समय पर उनके कार्यक्रम होते हैं और उन कार्यक्रमों को देखने के लिए आपको उस समय उसके सामने बैठना होता है। बदलते समय के साथ जो कुछ हम टी.वी. पर देखते थे, वह अब हमें अपने मोबाइल, लैपटप, टैबलेट पर भी देखने को मिलता है।

अक्सर जब हम भविष्य की कल्पना करते हैं, तो हमारे आस–पास जो भी कुछ उपलब्ध होता है, उसी के आधार पर आगे की सुध लेते हैं। किसने सोचा था कि स्मार्टफोन नाम की एक चीज आएगी और सब कुछ बदल जाएगा। आज जो टेलीविज़न–सेट बाजार में मिलते हैं, वे सब स्मार्टफोन की नकल करते दिखाई देते हैं। उन्हें कहा भी स्मार्ट टी.वी. ही जाता है। वे तेज़ी से स्मार्टफोन का व्याकरण और गणित अपनाते जा रहे हैं। पारंपरिक टी. वी. हमारी जरूरतों पर पूरा नहीं उतर रहा, इसलिए धीरे–धीरे विदा हो रहा है। हमारी यात्रा जिस जगह पहुँच चुकी है, वहाँ किसी भी 'बुद्धू–बक्से' को तब तक स्वीकार नहीं किया जा सकता, जब तक यह स्मार्ट न हो जाए।

**(i)** गद्यांश के आधार पर परंपरागत टेलीविज़न के वजूद खोने का कारण है–

(A) क्षेत्रीय भाषाओं में प्रसारण की सुविधा का न होना।

(B) अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रमों के प्रसारण की सुविधा का न होना।

(C) सीमित चैनलों पर आने वाले सीमित कार्यक्रम।

(D) सीमित चैनलों पर निश्चित समय पर आने वाले कार्यक्रम।

उत्तर– (C) सीमित चैनलों पर आने वाले सीमित कार्यक्रम।

**(ii)** गद्यांश के अनुसार, भविष्य की कल्पना का आधार क्या होता है ?

(A) अतीत की उपलब्धि (B) वर्तमान की उपलब्धि

(C) विकसित देशों की उपलब्धि (D) विकासशील देशों की उपलब्धि

उत्तर– (B) वर्तमान की उपलब्धि

**(iii)** 'स्मार्ट टी.वी.' कहा जाता है–

(A) सुंदर, सजीले, शोभनीय टी.वी. को

(B) पारंपरिक टी. वी. से भिन्न आधुनिक टी.वी. को

(C) आधुनिक तकनीकी सुविधा से युक्त टी. वी. को

(D) स्मार्टफोन की तकनीक उपलब्ध कराने वाले टी.वी. को

उत्तर– (D) स्मार्टफोन की तकनीक उपलब्ध कराने वाले टी.वी. को

**(iv)** 'बुद्धू बक्सा' संकेतार्थ है–

(A) रेडियो का (B) टेप रिकार्डर का (C) टी.वी. का (D) वीडियो प्लेयर का

उत्तर– (C) टी.वी. का

**(v)** निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यान से पढ़िए तथा उचित विकल्प का चयन कर लिखिए:

कथन **:** सबके पास पहुँचने पर तकनीक अपना मूल्य खोने लगती है।

कारण **:** लोग उससे बेहतर तकनीक की उम्मीद करने लगते हैं।

(A) कथन तथा कारण दोनों गलत हैं।

(B) कारण सही है, लेकिन कथन गलत है।

(C) कथन सही है, लेकिन कारण, कथन की गलत व्याख्या करता है।

(D) कथन तथा कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।

उत्तर– (D) कथन तथा कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।

**2.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए: **5 × 1 = 5**

हमीं ने दिया शांति संदेश, सुखी होते देकर आनंद ।
विजय लोहे की नहीं, धर्म की रही धरा पर धूम।
यवन को दिया दया का दान, चीन को मिली धर्म की दृष्टि ।
मिला था स्वर्ण भूमि को रत्न, शील को सिंहल को भी सृष्टि ।
किसी का हमने छीना नहीं, प्रकृति का रहा पालना यहीं।
हमारी जन्मभूमि थी यहीं, कहीं से हम आए थे नहीं।
जातियों का उत्थान, पतन, आँधियाँ, झड़ी, प्रचंड समीर ।
खड़े देखा, झेला हँसते, प्रलय में पले हुए हम वीर।
चरित के पूत भुजा में शक्ति, नम्रता रही सदा संपन्न ।
हृदय के गौरव में था गर्व, किसी को देख न सके विपन्न ।
हमारे संचय में था दान, अतिथि थे सदा हमारे देव ।
वचन में सत्य, हृदय में तेज़, प्रतिज्ञा में रहती थी टेव।

**(i)** 'आँधियाँ, झड़ी, प्रचंड समीर' पंक्ति में 'आँधियाँ और प्रचंड समीर' प्रतीकार्थ हैं –
(A) देश में समय–समय पर आए प्राकृतिक आपदाओं का।
(B) देश में समय–समय पर भारतीयों द्वारा प्रदर्शित वीरता का ।
(C) देश में समय–समय पर भारतीयों में आए पतन का।
(D) देश में समय–समय पर आए भीषण संकटों का।
उत्तर– (B) देश में समय–समय पर भारतीयों द्वारा प्रदर्शित वीरता का ।

**(ii)** 'विजय केवल लोहे की नहीं, धर्म की रही धरा पर धूम' का आशय है–
(A) धरती पर अस्त्र–शस्त्रों से विजय प्राप्त की जाती है, धर्म से नहीं।
(B) धर्म के मार्ग पर चलकर ही लोगों को जीता जा सकता है।
(C) धर्म के मार्ग पर चलकर ही लोगों को जीता जा सकता है, अस्त्र–शस्त्रों से नहीं।
(D) धरती पर धर्म की ध्वजा फहरानी चाहिए अस्त्र–शस्त्रों की नहीं।
उत्तर– (C) धर्म के मार्ग पर चलकर ही लोगों को जीता जा सकता है, अस्त्र–शस्त्रों से नहीं।

**(iii)** 'हमीं ने दिया शांति संदेश' में 'हमीं' किसके लिए प्रयुक्त हुआ है ?
(A) कवि के लिए (B) भारतवासियों के लिए (C) लेखक के लिए (D) बुद्ध के लिए
उत्तर– (B) भारतवासियों के लिए

**(iv)** काव्यांश के आधार पर अनुपयुक्त विकल्प छाँटकर लिखिए:
(A) भारत में सबके लिए भिक्षाटन की परंपरा रही है।
(B) यहाँ राजा भी निर्लिप्त भाव से रहते आए हैं।
(C) भारतीय शक्तिशाली होते हुए भी विनम्र हैं।
(D) भारत पर प्रकृति की सदा अनुकम्पा रही है।
उत्तर– (B) यहाँ राजा भी निर्लिप्त भाव से रहते आए हैं।

**(v)** कथन और कारण पर विचार करते हुए सही विकल्प चुनकर लिखिए:
कथन: भारत सदा से एक शांतिप्रिय देश रहा है।
कारण: भारत ने कभी विदेशी आक्रमणों का डटकर सामना नहीं किया।
(A) कथन सही है, किंतु कारण गलत है।
(B) कथन गलत है, किंतु कारण सही है।
(C) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण कथन की सही व्याख्या करता है।
(D) कथन एवं कारण दोनों सही हैं, किंतु कारण कथन की सही व्याख्या नहीं है।
उत्तर– (A) कथन सही है, किंतु कारण गलत है।

**3.** निर्देशानुसार **'रचना के आधार पर वाक्य–भेद'** पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए**:** **4 × 1 = 4**

**(i)** 'कस्बे में लड़कों और लड़कियों का एक स्कूल था।' इस वाक्य का संयुक्त वाक्य होगा –

(A) कस्बे में एक लड़कों का स्कूल था और एक लड़कियों का स्कूल था।

(B) कस्बे में लड़कों का तो स्कूल था ही साथ में एक लड़कियों का भी स्कूल था।

(C) कस्बे में दो स्कूल थे जिसमें एक लड़कों का और दूसरा लड़कियों का था।

(D) कस्बे में लड़के और लड़कियों दोनों के लिए एक–एक स्कूल था।

उत्तर– (A) कस्बे में एक लड़कों का स्कूल था और एक लड़कियों का स्कूल था।

**(ii)** 'यदि संस्कृति का कल्याण की भावना से नाता टूट जाएगा तो वह असंस्कृति बन जाएगी।' – इस वाक्य का सरल वाक्य में उपयुक्त रूपांतरण है–

(A) संस्कृति में कल्याण की भावना होनी चाहिए नहीं तो वह असंस्कृति बन जाती है।

(B) संस्कृति में जब कल्याण की भावना नहीं रहती तो वह असंस्कृति बन जाती है।

(C) कल्याण की भावना से नाता टूटने पर संस्कृति असंस्कृति बन जाएगी।

(D) संस्कृति कल्याणकारी होती है, उसमें यह भावना खत्म होने पर वह असंस्कृति बन जाती है।

उत्तर– (C) कल्याण की भावना से नाता टूटने पर संस्कृति असंस्कृति बन जाएगी।

**(iii)** निम्नलिखित वाक्यों में से सरल वाक्य पहचानकर नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाला विकल्प चुनकर लिखिए**:**

**1.** यह एक सफल और अत्यंत सराहनीय प्रयास था।

**2.** मूर्ति पर चश्मा तो था लेकिन वह संगमरमर का नहीं था।

**3.** उस चश्मे को देखकर उनके चेहरे पर कौतुक भरी मुसकान फैल गई।

**4.** जो योग्यता किसी से सर्वस्व त्याग कराती है, वह भी संस्कृति है।

(A) 1 और 3 (B) 1 और 2 (C) 4 और 2 (D) 4 और 1

उत्तर– (A) 1 और 3

**(iv)** निम्नलिखित वाक्यों में मिश्र वाक्य का उदाहरण है**:**

(A) वह अपना खाना स्वयं न खाकर दूसरों को खिला दिया करता था।

(B) उस युवा लड़की ने आज़ादी की लड़ाई में बढ़–चढ़कर भाग लिया।

(C) मनुष्य की आज की व्यथा को उन्होंने बखूबी समझा और व्यक्त किया है।

(D) रुद्र जी जितने निष्ठावान काशी के प्रति थे उतने ही साहित्य के प्रति भी निष्ठावान थे।

उत्तर– (D) रुद्र जी जितने निष्ठावान काशी के प्रति थे उतने ही साहित्य के प्रति भी निष्ठावान थे।

**(v)** स्तंभ–**1** को स्तंभ–**2** से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प का चयन कर लिखिए**:**

| स्तंभ–**1** | | स्तंभ–**2** | |
|---|---|---|---|
| **1.** | क्योंकि वह अनुभूतिजन्य है इसलिए मेरे लिए महत्वपूर्ण है। | **I** | संयुक्त वाक्य |
| **2.** | अनुभूतिजन्य होने के कारण वह मेरे लिए महत्त्वपूर्ण है। | **II** | मिश्र वाक्य |
| **3.** | बह अनुभूतिजन्य है इसलिए मेरे लिए महत्त्वपूर्ण है। | **III** | सरल वाक्य |

(A) (1) – (III); (2) – (I); (3) – (II) (B) (1) – (II); (2) – (I); (3) – (III)

(C) (1) – (III); (2) – (II); (3) – (I) (D) (1) – (II); (2) – (III); (3) – (I)

उत्तर– (D) (1) – (II); (2) – (III); (3) – (I)

**4.** निर्देशानुसार **'वाच्य'** पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प छाँटकर लिखिए**:** **4 × 1 = 4**

**(i)** 'लेखक ने सरकारी नौकरी से त्यागपत्र दे दिया।' इस वाक्य का वाच्य पहचानकर लिखिए:

(A) कर्त्तावाच्य (B) कर्मवाच्य (C) भाववाच्य (D) कर्तृवाच्य

उत्तर– (D) कर्तृवाच्य

**(ii)** निम्नलिखित वाक्यों में भाववाच्य का उदाहरण वाक्य नहीं है:

(A) इस मोर से उड़ा नहीं जाता। (B) मोहित बहुत सुरीला गा पाता है।

(C) दादाजी से पैदल चला नहीं जाता। (D) चलो, अब यहाँ से चला जाए ।

उत्तर– (B) मोहित बहुत सुरीला गा पाता है।

**(iii)** 'द्विवेदी जी द्वारा स्त्रियों को शिक्षा देने की वकालत की गई।' यह वाक्य किस वाच्य का उदाहरण है?

(A) कर्मवाच्य (B) क्रियावाच्य (C) भाववाच्य (D) कर्तृवाच्य

उत्तर– (A) कर्मवाच्य

**(iv)** निम्नलिखित वाक्यों में **'कर्मवाच्य'** पहचानकर नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाला विकल्प चुनकर लिखिए**:**

**1.** कमलेश्वर ने आत्मकथा, यात्रा–वृत्तांत और संस्मरण भी लिखे हैं।

**2.** मधु कांकरिया ने कोलकाता विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में एम.ए. किया।

**3.** उनके द्वारा युवावर्ग की समस्याओं को केंद्र में रखा गया ।

**4.** रुद्र जी द्वारा अध्यापन और संपादन दोनों कार्य किया गया।

(A) 1 और 2 (B) 2 और 3 (C) 3 और 4 (D) 1, 3 और 4

उत्तर– (C) 3 और 4

**(v)** स्तंभ–**1** को स्तंभ–**2** से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए**:**

| स्तंभ–**1** | | स्तंभ–**2** | |
|---|---|---|---|
| **1.** | माताजी से खाली बैठा नहीं जाता। | **I** | कर्मवाच्य |
| **2.** | वह खट्टे फल खाना पसंद नहीं करता। | **II** | भाववाच्य |
| **3.** | उससे लंबी कविता नहीं लिखी जाती। | **III** | कर्तृवाच्य |

(A) (1) – (II); (2) – (III); (3) – (II) (B) (1) – (III); (2) – (II); (3) – (I)

(C) (1) – (II); (2) – (I); (3) – (III) (D) (1) – (I); (2) – (II); (3) – (III)

उत्तर– (A) (1) – (II); (2) – (III); (3) – (II)

**5.** निर्देशानुसार **'अलंकार'** पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए**:** **4 × 1 = 4**

**(i)** 'अंबर पनघट में डुबो रही, तारा घट उषा नागरी।' –इस पंक्ति में कौन–सा अलंकार प्रयुक्त हुआ है ?

(A) यमक (B) मानवीकरण (C) श्लेष (D) उत्प्रेक्षा

उत्तर– (B) मानवीकरण

**(ii)** **"**जे रहीम गति दीप की, कुल कपूत गति सोय।
बारे उजियारो करै, बड़े अंधेरो होय।।**"**

– इन काव्य–पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार है –

(A) मानवीकरण (B) उत्प्रेक्षा (C) श्लेष (D) यमक

उत्तर– (C) श्लेष

**(iii)** निम्नलिखित काव्य–पंक्तियों में से कौन सी काव्य–पंक्ति मानवीकरण अलंकार का उदाहरण है?

(A) है टूट पड़ा भू पर अंबर

(B) पुरइनि पात रहत जल भीतर, ता रस देह न दागी

(C) के पग में पनही न हती, कहूँ लै गजराजहु ठाढ़े महावत ।

(D) फूटे हैं आमों में बौर, भौर वन–वन टूटे हैं।

उत्तर– (D) फूटे हैं आमों में बौर, भौर वन–वन टूटे हैं।

**(iv)** 'राणा की पुतली फिरी नहीं, तब तक चेतक मुड़ जाता था।' इस काव्य–पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार है–

(A) अतिशयोक्ति (B) उत्प्रेक्षा (C) श्लेष (D) मानवीकरण

उत्तर– (A) अतिशयोक्ति

**(v)** **'**सतसइया के दोहरे ज्यों नाविक के तीर।
देखन में छोटे लगै, घाव करें गंभीर।।**'**
– इस काव्य–पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार है–

(A) यमक (B) श्लेष (C) उत्प्रेक्षा (D) मानवीकरण

उत्तर– (C) उत्प्रेक्षा

**6.** निर्देशानुसार **'**पद–परिचय**'** पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प छाँटकर लिखिए**:** **4 × 1 = 4**

**(i)** '<u>लेखिका</u> के व्यक्तित्व पर उनकी बहनों का बड़ा असर पड़ा।' वाक्य में रेखांकित पद का परिचय है –

(A) जातिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, संबंध कारक

(B) व्यक्तिवाचक संज्ञा, बहुवचन, पुल्लिंग, संबंध कारक

(C) जातिबाचक संज्ञा, एकवचन, स्त्रीलिंग, संबंध कारक

(D) व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, स्त्रीलिंग, संबंध कारक

उत्तर– (C) जातिबाचक संज्ञा, एकवचन, स्त्रीलिंग, संबंध कारक

**(ii)** निम्नलिखित वाक्यों में से किस वाक्य में परिमाणवाचक क्रियाविशेषण का प्रयोग हुआ है?

(A) हम यहाँ पहरा देंगे ताकि आप चैन की नींद सो सकें।

(B) कम बोलना चाहिए और ध्यान से सुनना चाहिए।

(C) ये पहाड़ी कुत्ते हैं, सिर्फ चाँदनी रात में ही भौंकते हैं।

(D) इन बर्फ़ीले इलाकों में बैसाख के महीने में भी हम ठिठुरने लगे।

उत्तर– (B) कम बोलना चाहिए और ध्यान से सुनना चाहिए।

**(iii)** 'माताजी ने <u>अपनी</u> बीमारी का अहसास हमें नहीं होने दिया।' में रेखांकित पद का परिचय है–

(A) सार्वनामिक विशेषण, एकवचन, स्त्रीलिंग, 'बीमारी' विशेष्य

(B) सार्वनामिक विशेषण, एकवचन, पुल्लिंग, 'बीमारी' विशेष्य

(C) पुरुषवाचक सर्वनाम, एकवचन, स्त्रीलिंग, कर्ता कारक

(D) पुरुषवाचक सर्वनाम, बहुवचन, स्त्रीलिंग, कर्ता कारक

उत्तर– (A) सार्वनामिक विशेषण, एकवचन, स्त्रीलिंग, 'बीमारी' विशेष्य

**(iv)** 'हालदार साहब अपने काम के सिलसिले में <u>कस्बे</u> से गुजरते थे।' में रेखांकित पद का परिचय होगा –

(A) रीतिवाचक क्रियाविशेषण, 'गुजरना' क्रिया की विशेषता

(B) कालवाचक क्रियाविशेषण, 'गुजरना' क्रिया की विशेषता

(C) स्थानवाचक क्रियाविशेषण, 'गुजरना' क्रिया की विशेषता

(D) परिमाणवाचक क्रियाविशेषण, 'गुजरना' क्रिया की विशेषता

उत्तर– (C) स्थानवाचक क्रियाविशेषण, 'गुजरना' क्रिया की विशेषता

**(v)** 'आगे की पढ़ाई के लिए <u>मैं</u> भी बाहर जाना चाहती थी।' में रेखांकित पद का परिचय है –

(A) सार्वनामिक विशेषण, एकवचन, स्त्रीलिंग, 'कर्ता' कारक

(B) उत्तमपुरुष सर्वनाम, स्त्रीलिंग, एकवचन, 'कर्ता' कारक

(C) अन्यपुरुष सर्वनाम, स्त्रीलिंग, एकवचन, 'कर्ता' कारक

(D) मध्यमपुरुष सर्वनाम, स्त्रीलिंग, एकवचन, 'कर्ता' कारक

उत्तर– (B) उत्तमपुरुष सर्वनाम, स्त्रीलिंग, एकवचन, 'कर्ता' कारक

**7.** निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के उत्तर सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए: **5 × 1 = 5**

अब हालदार साहब को बात कुछ–कुछ समझ में आई। एक चश्मेवाला है जिसका नाम कैप्टन है। उसे नेताजी की बगैर चश्मेवाली मूर्ति बुरी लगती है। बल्कि आहत करती है, मानो चश्मे के बगैर नेताजी को असुविधा हो रही हो। इसलिए वह अपनी छोटी–सी दुकान में उपलब्ध गिने–चुने फ्रेमों में से एक नेताजी की मूर्ति पर फिट कर देता है। लेकिन जब कोई ग्राहक आता है और उसे वैसे ही फ्रेम की दरकार होती है जैसा मूर्ति पर लगा है तो कैप्टन चश्मेवाला मूर्ति पर लगा फ्रेम–संभवतः नेताजी से क्षमा माँगते हुए–लाकर ग्राहक को दे देता है और बाद में नेताजी को दूसरा फ्रेम लौटा देता है। बाह! भई खूब! क्या आइडिया है।

लेकिन भाई ! एक बात अभी भी समझ में नहीं आई। हालदार साहब ने पानवाले से फिर पूछा, नेताजी का अरिजिनल चश्मा कहाँ गया ?

पानवाला दूसरा पान मुँह में ठूँस चुका था। दोपहर का समय था, 'दुकान' पर भीड़–भाड़ अधिक नहीं थी। वह फिर आँखों ही आँखों हँसा। उसकी तोंद थिरकी। कत्थे की डंडी फेंक, पीछे मुड़कर उसने नीचे पीक थूकी और मुसकराता हुआ बोला, मास्टर बनाना भूल गया।

**(i)** पानवाला आँखों ही आँखों क्यों हँसा ?
(A) ऑरिज़िनल चश्मे की बात पर, यह उसकी व्यंग्यात्मक हँसी थी।
(B) वह हालदार साहब पर अपनी हँसी ज़ाहिर नहीं होने देना चाहता था।
(C) हालदार साहब उसको हँसते देखकर बुरा भी मान सकते थे।
(D) आँखों ही आँखों हँसना पानवाले की बहुत पुरानी आदत थी।
उत्तर– (A) ऑरिज़िनल चश्मे की बात पर, यह उसकी व्यंग्यात्मक हँसी थी।

**(ii)** 'मास्टर बनाना भूल गया।' यहाँ मास्टर के संदर्भ में अनुपयुक्त विकल्प है –
(A) मूर्तिकार (B) मोतीलाल (C) ड्रॉइंग टीचर (D) कैप्टन
उत्तर– (D) कैप्टन

**(iii)** ग्राहक नेताजी की मूर्ति पर लगा चश्मे का फ्रेम क्यों ले लेते थे ?
(A) नेताजी के प्रति अपना सम्मान व्यक्त करने के लिए।
(B) ग्राहक नेताजी के समान दिखना चाहते थे।
(C) नेताजी पर लगे होने के कारण वह उन्हें पसंद आ जाता था।
(D) कैप्टन अपने फ्रेमों को उसी मूर्ति पर लगा देता था।
उत्तर– (A) नेताजी के प्रति अपना सम्मान व्यक्त करने के लिए।

**(iv)** 'अब हालदार साहब को बात कुछ–कुछ समझ में आई। इस पंक्ति के संदर्भ में लिखिए कि हालदार साहब क्या समझ गए?
(A) मूर्ति के चश्मे के बार–बार बदले जाने का कारण। (B) मूर्ति की आँखों पर चश्मा न होने का कारण ।
(C) ग्राहकों द्वारा चश्मा न खरीदे जाने का कारण । (D) पानवाले और कैप्टन की परस्पर दोस्ती का कारण
उत्तर– (A) मूर्ति के चश्मे के बार–बार बदले जाने का कारण।

**(v)** 'कैप्टन मूर्ति से चश्मे का फ्रेम उतारते हुए उनसे क्षमा भी मांगता होगा' लेखक के इस अनुमान का क्या कारण रहा होगा ?
(A) नेताजी के प्रति कैप्टन का अति विश्वास से भरा व्यवहार ।
(B) नेताजी के प्रति कैप्टन का दिखावे से भरा आचरण ।
(C) कैप्टन को यह लगना कि चश्मे के बिना नेताजी तकलीफ में हैं।
(D) कैप्टन की सोच के बारे में लेखक का अनुमान सर्वथा गलत होना ।
उत्तर– (A) नेताजी के प्रति कैप्टन का अति विश्वास से भरा व्यवहार ।

**8.** गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित दो बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए: **2 × 1 = 2**

**(i)** 'एक कहानी यह भी' पाठ में लेखिका की दृष्टि में उनकी माँ का व्यक्तित्व आदर्श रूप नहीं था क्योंकि
(A) उनकी माँ अपने बच्चों से भेदभाव करती थीं। (B) उनकी माँ बहुत अधिक पढ़ी–लिखी नहीं थीं।
(C) उन्हें उनका व्यक्तित्व काफी दबा दबा सा लगता था। (D) उनकी माँ बहुत ही आक्रामक स्वभाव की थीं।
उत्तर– (C) उन्हें उनका व्यक्तित्व काफी दबा दबा सा लगता था।

**(ii)** 'संस्कृति' पाठ में सुसंस्कृत व्यक्ति में किस भाव की प्रधानता मानी गई है?
(A) लोककल्याण की भावना (B) स्वकल्याण की भावना
(C) बंधुकल्याण की भावना (D) भाषाकल्याण की भावना
उत्तर– (A) लोककल्याण की भावना

**9.** निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए: **5 × 1 = 5**

मन की मन ही माँझ रही।
कहिए जाइ कौन पै ऊधौ, नाहीं परत कही।
अवधि अधार आस आवन की, तन मन बिथा सही।
अब इन जोग सँदेसनि सुनि–सुनि, बिरहिनि बिरह दही
चाहति हुती गुहारि जितहिं तै, उत तैं धार बही।
**'सूरदास'** अब धीर धरहिं क्यौं, मरजादा न लही।।

**(i)** गोपियों को अपना धैर्य टूटता हुआ–सा क्यों लग रहा था ?

(A) विरहाग्नि के और बढ़ जाने के कारण। (B) उद्धव के योग ज्ञान को सुन–सुनकर ।
(C) उद्धव के धीरज से प्रभावित होकर । (D) अपने प्रति कृष्ण के शुष्क व्यवहार से ।

उत्तर– (D) अपने प्रति कृष्ण के शुष्क व्यवहार से ।

**(ii)** 'सूरदास' के इस 'पद' की भाषा है–

(A) ब्रज भाषा (D) अवधी भाषा (C) पूरबी बोली (D) मिश्रित भाषा

उत्तर– (A) ब्रज भाषा

**(iii)** गोपियाँ अब तक व्यथा को कैसे सहन कर रही थीं?

(A) एक–दूसरे के दुःख के सहारे (B) अतीत की मधुर स्मृतियों के सहारे
(C) कृष्ण के आने की आस में (D) ज्ञान के मार्ग का अनुसरण करके

उत्तर– (C) कृष्ण के आने की आस में

**(iv)** सूरदास के 'पद' के अनुसार किसके मन की, कौन सी बात मन में ही रह गई?

(A) उद्धव की, ज्ञान देने की (B) कृष्ण की, संदेश भेजने की
(C) गोपियों की, कृष्ण से मिलन की (D) उद्धव की, कृष्ण से भक्ति की

उत्तर– (C) गोपियों की, कृष्ण से मिलन की

**(v)** गोपियों की विरहाग्नि और अधिक प्रदीप्त क्यों हो जाती है ?

(A) कृष्ण के संदेश भेजने से (B) उद्धव के आ जाने से
(C) उद्धव के योग– संदेश से (D) गोपियों के परस्पर दुःख से

उत्तर– (C) उद्धव के योग– संदेश से

**10.** पाठ्यपुस्तक में निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित दो प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए: **2 × 1 = 2**

**(i)** 'यह दंतुरित मुसकान' कविता में बच्चा अपने पिता को क्यों नहीं पहचान पाता?

(A) माँ ने बच्चे को पिता से मिलवाया नहीं था।
(B) छोटे बच्चे सिर्फ़ अपनी माँ को ही पहचानते हैं।
(C) बच्चा अपने पिता को पहली बार देख रहा था।
(D) विशेष कारणवश पिता बच्चे को देखना नहीं चाहता था।

उत्तर– (C) बच्चा अपने पिता को पहली बार देख रहा था।

**(ii)** 'आत्मकथ्य' कविता के आधार पर लिखिए कि कवि अपने जीवन–पथ की थकान कैसे दूर करता है?

(A) अपने अतीत की सुखद स्मृतियों के सहारे। (B) अपने अतीत की दुखद स्मृतियों के सहारे।
(C) विविध प्रकार के साहित्य–मनन के सहारे। (D) अपनी स्मृति–अनुभवों पर आधारित साहित्य सृजन करके।

उत्तर– (A) अपने अतीत की सुखद स्मृतियों के सहारे।

## खंड 'ब'
## (वर्णनात्मक प्रश्न)

**11.** गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग **25 – 30** शब्दों में लिखिए: **3 × 2 = 6**

(क) 'एक कहानी यह भी' के आधार पर लिखिए कि मन्नू भंडारी को नए सिरे से अपने अस्तित्व का बोध कब हुआ?

उत्तर (क) पिताजी की आज़ादी की सीमा यहीं तक थी कि उनकी उपस्थिति में घर में आए लोगों के बीच उठूँ–बैठूँ, जानूँ–समझूँ। हाथ उठा–उठाकर नारे लगाती, हड़तालें करवाती, लड़कों के साथ शहर की सड़के नापती लड़की को अपनी सारी आधुनिकता के बावजूद बर्दाश्त करना उनके लिए मुश्किल हो रहा था तो किसी की दी हुई आज़ादी के दायरे में चलना मेरे लिए। जब रगों में लहू की जगह लावा बहता हो तो सारे निषेध, सारी वर्जनाएँ और सार भय कैसे ध्वस्त हो जाता है, यह तभी जाना और अपने क्रोध में सबको थरथरा देने वाले पिता जी से टक्कर लेने का जो सिलसिला तब शुरू हुआ था, राजेन्द्र से शादी की, तब त कवह चलता ही रहा।

(ख) 'शहनाई' क्या है? भारतीय संगीत में इसका क्या महत्त्व है?

उत्तर (ख) वैदिक इतिहास में शाहनाई का कोई उल्लेख नहीं मिलता इसे संगीत शास्त्रांतर्गत 'सुषिर–वाद्यों में गिना जाता है अरब देश में फूँककर बजाए जाने वाले वाद्य जिसमें नाड़ी (नरकट या रीड) होती है, को 'नय' बोलते हैं। शहनाई को 'शाहेनय' अर्थात् 'सुषिर वाद्यों में शाह' की उपाधी दी गई है। सोलहवीं शताब्दी के उत्तरार्ध में तानसेन के द्वारा रची बंदिश, जो संगीत राग कल्पद्रुम से प्राप्त होती है, मैं शहनाई, मुरली, वंशी, श्रंगी एवं मुरछंग आदि का वर्णन आया है।

(ग) 'लखनवी अंदाज' पाठ के लेखक को ऐसा क्यों लगा कि उनकी उपस्थिति ने नवाब साहब को असहज कर दिया?

उत्तर (ग) लेखक को सामने पाकर नवाब साहब की आँखों में असंतोष दिखाई दिया। ऐसा प्रतीत हो रहा था जैसे लेखक के अचानक आ जाने से उनके एकांत–चिंतन में विघ्न पड़ गया हो। उन्होने लेखक की संगति के लिए उत्साह भी नहीं दिखाया, बल्कि उपेक्षा प्रकट करने के लिए गाड़ी से बाहर देखने लगे।

(घ) 'बालगोबिन 'साहब' के भक्त थे।' पंक्ति में वर्णित साहब कौन थे और उनके प्रति उनकी भक्ति के क्या कारण रहे होंगे?

उत्तर (घ) कबीरदास एक महान समाज–सुधारक थे। उन्होने अपना समस्त जीवन समाज–सुधार में समर्पित कर दिया था। कबीर एक सच्चे पथ–प्रदर्शक थे। बालगोबिन भगत पर अनेक प्रकार से कबीर के गुणों का प्रभाव पड़ा। वे कबीर के अनेक गुणों से प्रभावित हुए होंगे। उन्हें कबीर की वाणी में सत्य के दर्शन हुए होंगे। अतः उन्होंने कबीर के आदर्शों पर चलना शुरू कर दिया होगा और कबीर को सच्चा 'सद्गुरू' मान लिया होगा। हमारी दृष्टि में भगत की कबीर पर अगाध श्रद्धा के यही कारण रहे होंगे।

**12.** निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग **25 – 30** शब्दों में लिखिए: **3 × 2 = 6**

(क) परशुराम ने किसकी तुलना सहस्त्रबाहु से की और क्यों?

उत्तर (क) परशुराम ने सहस्त्रबाहु की तुलना शिव जी के धनुष तोडनें वाले से कि है क्योंकि जिसने भी धनुष का अनादर किया वह उसी के समान मेरा शत्रु हैं इसलिए हे राम– सेवा करने वाला सेवक होता है। शत्रुता करने वाला सेवक कैसा? उससे तो लड़ाई ही ठीक है। जिसने भी यह शिव–धनुष तोड़ा है, वह सहस्त्रबाहु के समान मेरा शत्रु है।

(ख) क्या आप इस बात से सहमत हैं कि निराला ने 'उत्साह' कविता के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन का संदेश दिया है? कारण सहित स्पष्ट कीजिए।

उत्तर (ख) 'उत्साह' कविता में निराला जी का क्रांतिकारी एवं ओजस्वी व्यक्तित्व झलकता है। बादल उनकी कविताओं का मुख्य विषय रहा है। बादलों की भीषण गर्जना का भी आभास होता है। वे गर्जन–तर्जनउ करके घुमड़–घुमड़कर बरसने वाले बादलों की तरह जन–जन पर छाना चाहते थे, उनके कष्टों को मिटाना चाहते थे। इससे कवि के करूणावान् होने का पता भी चलता है। इस कविता में बादलों की गर्जन में, उमड़–घुमड़ में धाराधर बरसने में उनके व्यक्तित्व के गुणों की छाप है। इससे पता चलता है कि महाप्राण निराला एक जोशीले, गर्वीले, पौरूष से पूर्ण करूणावान् कवि थे।

(ग) संगतकार की आवाज में हिचक की अनुभूति कब होती है? 'संगतकार' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

उत्तर (ग) संगतकार की आवाज में हिचक सी प्रतीत होने का कारण यह होता है कि वह यह सोचकर कभी खुला अथवा ज़ोरदार स्वर नहीं लगाता की कहीं उसका स्वर मुख्य गायक के स्वर पर हावी न हो जाए। वस्तुतः स्वर लगाने के दौरान अपनी सीमा को भली–भाँति समझने वाला संगतकार मुख्य गायक का सम्मान करते हुए ऐसा करता है। वह मुख्य गायक का सहयोग करना ही अपना कर्तव्य समझता है। यही कर्तव्य उसकी हिचक के रूप में प्रकट होता है।

(घ) 'अट नहीं रही है' कविता के आधार पर लिखिए कि फागुन मास के प्राकृतिक सौंदर्य का मानव मन पर क्या प्रभाव पड़ता है?

उत्तर (घ) फागुन का लोगों के मन पर बहुत गहरा प्रभाव पड़ता है। 'उड़ने को नभ में तुम पर–पर कर देते हो' पंक्ति के द्वारा कवि बताना चाहता है कि फागुन के महीने में लोगों के मन में इतना उत्साह भर जाता है; जैसे उनके पंख लग गए हों उनका मन करता है कि पंख लगाकर पक्षियों की तरह आकाश में उड़ जाएँ।

**13.** पूरक पाठ्यपुस्तक के पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लगभग **50 – 60** शब्दों में लिखिए**:** **2 × 4 = 8**

(क) भोलानाथ और उसके दोस्तों के खेल आज के बच्चों के खेलों से किस रूप में भिन्न है? आपको दोनों में से कौन से खेल अधिक पसंद हैं और क्यों?

उत्तर (क) भोलानाथ और उसके साथियों के खेल अत्यंत आनंददायक थे तथा उनकी खेल–सामग्री प्राकृतिक तथा बिना खर्च वाली थी। यह कटु सत्य है कि बच्चा स्वयं के बनाए हुए खेलों को अधिक पसंद करता है, परन्तु आज का समय बदल गया है। आज न तो बच्चों के पास इतना समय है और न ही ऐसे संसाधन। आज के बच्चों के खेल तथा खेल–सामग्री दोनों ही चीजें बिलकुल अलग हैं। वे साइकिल चलाना, तैरना, क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल, हॉकी तथा बास्केटबॉल जैसे खेल खेलना पसंद करते हैं। छोटे बच्चे डॉक्टर–डॉक्टर, टीचर–टीचर, गुड़िया–गुड्डा तथा इसी प्रकार के अन्य खेल पसंद करते हैं।

(ख) 'साना–साना हाथ जोड़ि' पाठ के आधार पर लिखिए कि 'खेदुम' क्या हैं? इसके बारे में गैंगटोकवासियों का क्या विश्वास है? क्या उन्हें सही माना जा सकता है? तर्कसंगत उत्तर दीजिए।

उत्तर (ख) जितेन ने बताया कि यहाँ एक पत्थर पर गुरूनानक के फुट प्रिंट है। कहते हैं कि यहाँ गुरूनानक की थाली से थोड़े से चावल छिटककर बाहर गिर गए थे, वहाँ चावल की खेती होती है।
खेदूम के विषय में जितेन ने बताया कि 'खेदुम' लगभग एक किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है। यहाँ देवी देवताओं का निवास है, यहाँ जो गंदगी फैलाएगा, वह मर जाएगा।

(ग) एक कृतिकार के लेखन और रचना के पीछे क्या–क्या कारण हो सकते हैं? 'मैं क्यों लिखता हूँ' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

उत्तर (ग) अज्ञेय जी के अनुसार सभी लेखक कृतिकार नहीं होते उनके द्वारा लिखित सब कुछ लेखन के अंतर्गत नहीं आता। आंतरिक अनुभुति तथा उसकी विवशता से मुक्ति पाने हेतु लिख गया लेखन की सच्चा लेखन होता है। अपने मन की व्यथा को व्यक्त करने वाला लेखन की 'कृति' कहलाता है और इसे व्यक्त करने वाला कृतिकार। धन, यश, ख्याति आदि से प्रेरित लेखन सामान्य लेखन की श्रेणी में आता है।

**14.** निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग **120** शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए: **6**

(क) बढ़ती जनसंख्या : गहराता संकट
भूमिका, वर्तमान में चर्चा का कारण, संकट कैसे, समाधान

(ख) हरित ऊर्जा : सुरक्षित भविष्य
भूमिका, अर्थ, प्रभाव, समस्याएँ, समाधान

(ग) सोशल मीडिया : जागरूकता आवश्यक
भूमिका, वर्तमान स्थिति, जागरुकता की आवश्यकता क्यों, प्रभाव

उत्तर (क) किसी राष्ट्र की प्रगति के लिए जनसंख्या एक महत्वपूर्ण संसाधन होती है, पर जब यह एक सीमा से अधिक हो जाती है तब यह समस्या का रूप ले लेती है। जनसंख्या वृद्धि एक ओर स्वयं समस्या है तो दूसरी ओर यह अनेक समस्या जननी भी है। यह परिवार, समाज और राष्ट्र की प्रगति पर बुरा असर डालती है। जनसंख्या वृद्धि के साथ देश के विकास की स्थिति 'ढाक के तीन पात वाली' बनकर रह जाती है। प्रकृति के लोगों के लिए भूमि, वन आदि जो संसाधन प्रदान किए हैं, जनाधिक्य के कारण वे कम पड़ने लगते हैं तब मनुष्य प्रकृति के साथ खिलवाड़ शुरू कर देता है। वह अपनी बढ़ आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए वनों का विनाश करता है।

इससे प्राकृतिक असंतुलन का खतरा पैदा होता है जिससे नाना प्रकार की समस्याएँ उत्पन्न होती है। जनसंख्या वृद्धि के लिए हम भारतीयों की सोच काफी हद तक जिम्मेदार है। यहाँ की पुरूष प्रधान सोच के कारण घर में पुत्र जन्म आवश्यक माना जाता है। भले की एक पुत्र की चाहत में छह–सात लड़कियाँ क्यों न पैदा हो जाए पर पुत्र के बिना न तो लोग अपना जन्म सार्थक मानते हैं और उन्हें स्वर्ग की प्राप्ति होती दिखती है।

इसके अलावा अशिक्षा, गरीबी और मनोरंजन के साधनों का अभाव भी जनसंख्या वृद्धि में योगदान देता है। जनसंख्या वृद्धि रोकने के लिए लोगों का इसके दुष्परिणामों से अवगत कराकर जन जागरूकता फैलाई जानी चाहिए। सरकार द्वारा परिवार नियोजन साधनों का मुफ्त वितरण किया जाना चाहिए तथा जनसंख्या 'वृद्धि' के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए।

**15.** (क) आपका नाम अनामिका/अनामय है। भाषा में सुधार हेतु नियमित समाचार पत्र–पत्रिकाएँ पढ़ने की आदत का महत्त्व बताते हुए छोटे भाई को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए। **5**

अथवा

(ख) आपका नाम अनामिका/अनामय है। पिछले महीने आपने अपना घर बदला है। अपने बैंक खाते में पुराने पते के स्थान पर अपना नया पता बदलवाने के लिए संबंधित बैंक प्रबंधक को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखें। **5**

उत्तर (ख)

सेवा में,
श्रीमान शाखा प्रबंधक
पंजाब नेशनल बैंक, पंजाब
विषय  खाते का पता बदलने हेतु
महोदय,
अविनय निवेदन है कि में आपकी बैंक का खाताधारक हूँ, मेरा नाम अनामिका है। वर्तमान में मेरे घर का पता परिवर्तित हो चुका है इसलिए में आपसे निवेदन करता हु कि मेरे खाते में जो पता अंकित है उसे परिवर्तित करने की पा करे। मेने सम्पूर्ण जानकरी नीचे लिख दी है और मेरे नये एड्रेस का एड्रेस प्रूफ भी सलग्न किया है।
अत: कृप्या आप मेरे खाते का पता जल्द से जल्द बदल दे। इसके लिए मैं सदा आपका आभारी रहूँगा।
खाता धारक का नाम – अनामिका
खाता क्रमांक – 5548854564684
नया पता – 36 सेक्टर 124 मोहाली पंजाब

**16.** (क) आप धनुश्री/धनुष हैं। सोशल मीडिया से आपको जानकारी मिली है कि राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय में जूनियर कलाकार का पद रिक्त है। आपको लगता है कि आप इस पद के योग्य हैं। राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय को भेजने के लिए लगभग 80 शब्दों में अपना एक संक्षिप्त स्ववृत्त लिखिए । **5**

अथवा

(ख) आप धनुश्री/धनुष हैं। अपने क्षेत्र में जलभराव की समस्या की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए अपने शहर के नगर निगम/नगरपालिका को लगभग 80 शब्दों में ई–मेल लिखिए। **5**

उत्तर (ख)

## ई–मेल लेखन

| | |
|---|---|
| To | nagarnigam@gmail-com |
| cc | helpdesk@gmail-com |
| Subject | जल भराव की समस्या के संबंध में पत्र। |

माननीय महोदय

इस ई–मेल के माध्यम से मैं आपका ध्यान अपने क्षेत्र अशोक नगर की ओर आकर्षित कराना चाहता हूँ। इस क्षेत्र से कई ई–मेल आपके विभाग में भेजे जा चुके हैं, परंतु शायद संबंधित अधिकारियों ने उन पर ध्यान नहीं दिया। इस क्षेत्र में जल विभाग कर्मचारी अपने कर्त्तव्य का पालन नहीं कर रहे हैं। स्थान–स्थान पर कीचड़ का जल भरा हुआ हैं। पंद्रह दिन से कर्मचारी नहीं आए हैं। मोहल्ले का वातावरण दूषित हो गया है। चारों ओर मच्छर व मक्खियों का साम्राज्य पनप रहा है, दुर्गंध से उठना– बैठना, खाना–पीना सब दुश्वार हो गया है। सड़कों पर नालियों का पानी आ रहा है, जिससे आने–जाने में भी अब असुविधा हो रही है। यदि अब जल निकास न हुई तो महामारी फैलने की आशंका है। अतः आपसे प्रार्थना है कि यहाँ जल्द कर्मचारी भेजने का प्रबंध करें, इसके लिए हम सदा आपके आभारी रहेंगे।

भवदीय

धनुष

**17.** (क) आपके पिताजी घर का प्रथम तल किराए पर देना चाहते हैं, उससे संबंधित जानकारी देते हुए लगभग 40 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। **4**

अथवा

(ख) आप अवनि/अर्जुन हैं। आपकी बड़ी बहन का भारतीय वायु सेना में पायलट पद के लिए चयन हो गया है। उन्हें बधाई देते हुए लगभग 40 शब्दों में एक संदेश लिखिए। **4**

उत्तर (क)

